कम्प्यूटीकृत निविदा
पंजीयन सं०...
1535(E)
26/02/2026

## पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 26/2/2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

वैशाली पथ प्रमण्डल, हाजीपुर के अन्तर्गत Widening & Strengthening of Lalganj (Repura)-Sarai Road (Total Length-12.95 Km.) for the year 2025-26 कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद, जिस पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा प्राप्त है, पर अनुमोदन हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थिति:**

(i) श्री पंकज कुमार पाल, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
(ii) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
(iii) श्री सुनील कुमार सुमन, मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
(iv) श्री मजीद अहमद, आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. दिनांक–08.09.2025 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही जो उपभागीय ज्ञापांक–2887 दिनांक–08.09.2025 द्वारा संसूचित है में लिये गये निर्णय के विरूद्ध प्राप्त परिवाद पर मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–3116(अनु०) दिनांक–26.09.2025 के माध्यम से परिवाद पर दिनांक–25.09.2025 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं अनुशंसा के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | Widening & Strengthening of Lalganj (Repura)-Sarai Road (Total Length-12.95 Km.) for the year 2025-26 |
| 2.2 | योजना मद | : | 5054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | वैशाली पथ प्रमण्डल, हाजीपुर। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹2714.93 लाख।<br>विभागीय पत्रांक–6207(S) दिनांक–14.07.2025 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹2660.31 लाख।<br>मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–2297 दिनांक–23.07.2025 |
| 2.6 | परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹2544.75320 लाख। |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 15 (Fifteen) Months |
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (SBD) |
| 2.9 | निविदा प्राप्ति की तिथि | : | 05.08.2025 |

3. विषयांकित निविदा में निम्नलिखित 05 (पाँच) निविदाकारों द्वारा भाग लिया गया :–

(1) Shristi Developers Pvt. Ltd. (2) Pratayaksha Construction Private Limited
(3) Sona Infracon Private Limited (4) M/s Sanjay Construction
(5) MKSS Infra Engicon Pvt. Ltd.

4. उपभागीय ज्ञापांक–2887 दिनांक–08.09.2025 द्वारा संसूचित दिनांक–08.09.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में उक्त निविदा में पाँच निविदाकारों में से दो निविदाकार यथा (1) Shristi Developers Pvt. Ltd. एवं (2) MKSS Infra Engicon Pvt. Ltd. को तकनीकी बीड में सफल एवं शेष तीन निविदाकार यथा (1) Pratayaksha Construction Private Limited एवं (2) M/s Sanjay Construction को SBD के ITB-Cl. 4.5 A(c) के आलोक में तथा (3) Sona Infracon Private Limited को SBD के ITB-Cl.4.7, 4.3 (j) एवं ITB- Cl. 4.8 के आलोक में तकनीकी बीड में असफल घोषित किया गया।

विभागीय निदेश के अनुसार दो कार्य दिवस में इस निविदा में शामिल किसी निविदाकार का परिवाद/आपत्ति प्राप्त होने पर सक्षम स्तर से परिवाद निष्पादन के उपरांत ही वित्तीय बीड खोलने हेतु निदेश दिया गया।

5. उपभागीय ज्ञापांक–2887 दिनांक–08.09.2025 द्वारा संसूचित दिनांक–08.09.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय के संदर्भ में विषयांकित कार्य का निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार Sona Infracon Private Limited. के पत्रांक–MD/SIPL/2025-26/163 दिनांक–09.09.2025 द्वारा निविदा के तकनीकी बीड में सफल दो निविदाकारों यथा (1) MKSS Infra Engicon Pvt. Ltd. एवं (2) Shristi Developers Pvt. Ltd. के विरूद्ध एवं निविदा के तकनीकी बीड में असफल Pratayaksha Construction Private Limited के पत्रांक–105 दिनांक–09.09.2025 द्वारा परिवाद/अभ्यावेदन/आपत्ति समर्पित किये जाने के परिपेक्ष्य में मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–3116(अनु०) दिनांक–26.09.2025 द्वारा तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं अनुशंसा समर्पित की गई।

6. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के उक्त निर्णय के विरूद्ध तकनीकी बीड में असफल निविदाकार Sona Infracon Private Limited. के पत्रांक–MD/SIPL/2025-26/163 दिनांक–09.09.2025 द्वारा तकनीकी बीड में सफल दोनो निविदाकार, MKSS Infra Engicon Pvt. Ltd. एवं Shristi Developers Pvt. Ltd. के विरूद्ध परिवाद समर्पित किया गया है।

<u>परिवाद की समीक्षा</u> :–

| क्र० सं० | परिवाद | समीक्षा |
|---|---|---|
| 01 | Sona Infracon Private Limited. द्वारा प्राप्त परिवाद :–<br>(a) MKSS Infra Engicon Pvt. Ltd. के विरूद्ध | इस निविदा में Power of Attorney ₹1,000 के Stamp पर देने का शर्त्त प्रावधानित नहीं है। अतः परिवाद का यह बिन्दु अमान्य है। |

| | | |
|---|---|---|
| | परिवाद<br><br>विषयांकित निविदा के एक निविदाकार MKSS Infra Engicon Pvt. Ltd. की निविदा प्रक्रिया के तहत प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों में संलग्न पावर ऑफ अटॉर्नी शामिल है। यह पावर ऑफ अटॉर्नी बिहार सरकार द्वारा जारी ₹100 के ई–स्टाम्प पेपर पर बनाई गई है। जबकि, निविदा शर्तों और बिहार सरकार के स्टाम्प अधिनियम के बिहार स्टांप शुल्क एवं रजिस्ट्रेशन शुल्क चार्ट 2024 के नियमों के अनुसार, पावर ऑफ अटॉर्नी के लिए आवश्यक स्टाम्प शुल्क ₹1,000 मूल्य का अनिवार्य होता है। निविदाकार द्वारा प्रस्तुत किया गया का ₹100 का स्टाम्प पेपर इन नियमों के विपरीत है। यह एक स्पष्ट उल्लंघन है और तकनीकी रूप से निविदा को अयोग्य घोषित करने का आधार बनता है। इस कारण से पूर्व में अनेकों निविदाकार के निविदा को तकनीकी निविदा मे अमान्य करार कर दिया गया है, जिससे संबंधित तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही सुलभ प्रसंग हेतु पत्र के साथ संलग्न है। | |
| | उपरोक्त निविदाकार MKSS Infra Engicon Pvt. Ltd. के द्वारा अपने निविदा दस्तावेज में पाँच वर्षों के स्थान पर केवल चार वर्षों का ऑडिटेड टर्न ओवर प्रमाण संलग्न किया गया है, जबकि SBD के कंडिका 4.5A(a) के अनुसार पिछले पाँच वर्षों का ऑडिटेड टर्न ओवर आवश्यक है। जिस कारण यह SBD की कंडिका 4.5A(a) के आलोक में वांछित अर्हत्ता को पूर्ण नहीं करते है। | MKSS Infra Engicon Pvt. Ltd. द्वारा निविदा में प्रावधानित विगत पाँच वित्तीय वर्ष 2020-21 से 2024-25 का CA द्वारा निर्गत ATO Certificate निविदा के साथ संलग्न किया गया है।<br><br>इनका अधिकतम ATO वर्ष 2023–24 में ₹7142.71 Lacs है जो वांछित अर्हत्ता ₹1272.38 Lacs से अधिक है। परिवाद का यह बिन्दु अमान्य है। |

| | | |
|---|---|---|
| | निविदाकार MKSS Infra Engicon Pvt. Ltd. के द्वारा प्रस्तुत कार्य अनुभव/Similar Nature of work से संबंधित प्रमाण पत्र, कार्य–Upgradation of Hajipur-Muzaffarpur section of the existing NH-77 to four lane dual carriage-way configuration of the section starting from KM 0+00 (Ramashish Chowk) to KM 46+300 and construction of 14.00 km to 16.870 km new Bypass Starting at KM 46+300 and connecting NH-28 of East-West Corridor at KM 515+045 in the state of Bihar on BOT (Annuity Basis under NHDP Phase-3) कार्य के लिए है। यह NHAI, PIU-Patna का BOT प्रोजेक्ट है, जो NHAI के द्वारा Patna Highway Project Limited को आवंटित किया गया है। Patna Highway Project Limited ने इस कार्य को Khokhar Infrastructure Private Limited को सबलेट किया है। पुनः Khokhar Infrastructure Private Limited ने इस कार्य को MKSS Infra Engicon Pvt. Ltd. को सबलेट किया। NHAI के गाइडलाइन के अनुसार BOT प्रोजेक्ट को इस तरह से सबलेट करने का प्रावधान नहीं है। उपरोक्त विषयांकित कार्य के निविदाकार MKSS Infra Engicon Pvt. Ltd. के द्वारा अपने निविदा दस्तावेज में जो कार्य अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न किया गया है वह किसी सरकारी विभाग द्वारा जारी नहीं किया गया है, न हीं किसी सरकारी विभाग का हस्ताक्षर, मुहर वर्णित अनुभव प्रमाण पत्र पर अंकित है, न हीं किसी पत्रांक, दिनांक से निर्गत है। SBD कि कंडिका 4.3 (l) एवं 4.5 (b) के अनुसार कार्य अनुभव का प्रमाण किसी मान्यता | MKSS Infra Engicon Pvt. Ltd. द्वारा Patna Highway Project Limited द्वारा निर्गत Upgradation of Hajipur-Muzaffarpur section of the existing NH-77 to four lane dual carriage-way configuration of the section starting from KM 0+00 (Ramashish Chowk) to KM 46+300 and construction of 14.00 km to 16.870 km new Bypass Starting at KM 46+300 and connecting NH-28 of East-West Corridor at KM 515+045 in the state of Bihar on BOT (Annuity Basis under NHDP Phase-3) कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र निविदा के साथ संलग्न किया गया है। इनके द्वारा निविदा में NHAI एवं Patna Highway Project Limited के बीच उक्त कार्य हेतु Concession Agreement भी निविदा के साथ संलग्न किया गया है जिसे स्पष्ट होता है कि Patna Highway Project Limited उक्त कार्य के Concessionaire हैं। इस प्रकार निविदाकार MKSS Infra Engicon Pvt. Ltd. के पक्ष में उक्त प्रमाण पत्र Concessionaire Patna Highway Project Limited द्वारा निर्गत है जो विभागीय पत्रांक–8447(E) दिनांक–31.12.2012 के आलोक में मान्य है। परिवाद का यह बिन्दु अमान्य है। |

| | | |
|---|---|---|
| | प्राप्त सरकारी अथवा अधिकृत संस्था से होना आवश्यक है। जिस कारण प्रस्तुत प्रमाण पत्र संदेहास्पद प्रतीत होता है। यहाँ मैं भवदीय का ध्यान इस बात पर भी आकृष्ट कराना चाहूँगा कि निविदाकार के द्वारा अन्य किसी भी कार्य से संबंधित कार्य अनुभव प्रमाण पत्र अपने निविदा दस्तावेज में प्रस्तुत नहीं किया गया है। इस कारण निविदाकार MKSS Infra Engicon Pvt. Ltd. SBD कि कंडिका 4.3 (l) एवं 4.5 A(b) के आलोक में वांछित अहर्त्ता को पूर्ण नहीं करते है। | |
| | निविदाकार MKSS Infra Engicon Pvt. Ltd. के द्वारा प्रस्तुत Key Personnel/Technical Staff Qualification से संबंधित शपथ पत्र का स्टाम्प पेपर निविदा निविदाकार MKSS Infra Engicon Pvt. Ltd. के नाम से निर्गत है, जबकि बिहार स्टाम्प अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार व्यक्तिगत शपथ पत्र में प्रयुक्त स्टाम्प पेपर संबंधित व्यक्ति/कर्मी के नाम से निर्गत होना अनिवार्य है। इस कारण निविदाकार MKSS Infra Engicon Pvt. Ltd. SBD कि कंडिका 4.5 (B) (b) के आलोक में वांछित अर्हत्ता को पूर्ण नहीं करते है। | MKSS Infra Engicon Pvt. Ltd. द्वारा 3 अदद Degree अभियंता एवं 2 अदद Diploma अभियंता की सूची निविदा में संलग्न की गयी है। साथ ही इनके द्वारा शपथ पत्र दिया गया है कि "Certified that the documents submitted as evidence of Availability of the key personnel for this work as stated in the appendix to ITB, are genuine and correct" इस प्रकार इनके द्वारा SBD के ITB Clause 4.5 B (b) के आलोक में Key Personnel की Availability दर्शायी गई है। इनके द्वारा key Equipments की सूची भी निविदा में संलग्न किया गया है। साथ ही इनके द्वारा शपथ पत्र दिया गया है कि I, the undersigned do hereby undertake that our firm M/s MKSS Infra Engicon Pvt. Ltd. agree to provide and will deploy all key Plant & Equipment in the Appendix to ITB of Clause 4.5 B (a) of the work "Widening and Strengthening of Lalganj (Repura)-Sarai Road (Total Length-12.95km) for the year 2025-26" Further it is certified that the documents submitted as |

| | | |
|---|---|---|
| | | evidence of availability of the Key Plant & Equipment for this work as stated in the Appendix to ITB, are genuine and Correct." परिवादी का यह कथन कि व्यक्तिगत शपथ पत्र में प्रयुक्त Stamp Paper संबंधित व्यक्ति/कर्मी के नाम से निर्गत होना अनिवार्य है, निविदा शर्त्त में सम्मलित नहीं है। परिवाद का यह बिन्दु अमान्य है। |
| | (b) विषयांकित निविदा के अन्य निविदाकार Shristi Developers Pvt. Ltd. के द्वारा प्रस्तुत Key Personnel/Technical Staff Qualification एवं Equipment Details से संबंधित शपथ पत्र का स्टाम्प पेपर निविदाकार Shristi Developers Pvt. Ltd. के नाम से निर्गत है, जबकि बिहार स्टाम्प अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार व्यक्तिगत शपथ पत्र में प्रयुक्त स्टाम्प पेपर संबंधित व्यक्ति/कर्मी के नाम से निर्गत होना अनिवार्य है। इस कारण निविदाकार Shristi Developers Pvt. Ltd., SBD कि कंडिका 4.5 (B) (b) एवं 4.5 (B) (a) के आलोक में वांछित अर्हत्ता को पूर्ण नहीं करते है।<br><br>निविदाकार Shristi Developers Pvt. Ltd. को तत्काल में भी उच्च पथ प्रमण्डल, समस्तीपुर (MoRT&H) के कार्य-"Widening and Strengthening of Two Lane to Four Lane with divided Carriageway from Ch.-67.471 (Mathurapur) to Ch.-69.256 (Muktapur ROB) and Construction of H.L. RCC Bridge (8x24.00m) over River Budhi Gandak in Place of Old Damaged Screw Pile Bridge at Near Magardahi Ghat in the Samastipur town in Samastipur District of NH-322 के | Shristi Developers Pvt. Ltd. को विभागीय ज्ञापांक-6082(E), दिनांक-09.09.2025 के द्वारा 10 वर्षों के लिये कालीकृत किया गया है। अतः इनके विरूद्ध परिवाद की समीक्षा नहीं की गयी। इन्हें उक्त विभागीय पत्र एवं SBD के ITB Clause-3.3 में तकनीकी बीड में असफल घोषित करने की अनुशंसा की जाती है। |

| | | |
|---|---|---|
| | निविदा में निविदाकार Shristi Developers Pvt. Ltd. की तकनीकी बीड को RFP कि Appendix IA, Annexure-III (Clauses 2.2.2.3, 2.2.2.9 (i), 2.2.2.8 (iii) के आलोक में नॉन रेस्पोंसिव किया गया, जिसकी प्रति इस पत्र के साथ संलग्न है। | |
| 2 | Pratayaksha Construction Private Limited. द्वारा प्राप्त परिवाद :– निवेदन पूर्वक सूचित करना है कि मेरे द्वारा वैशाली पथ प्रमण्डल, हाजीपुर में निविदा डाला गया था, जिसमें हमें अयोग्य घोषित किया गया है। Experience of Work done Quantity में अयोग्य किया गया जबकि मेरे द्वारा 2705/अनु0 दिनांक–25.08.2025 के आलोक में प्रमाण पत्र वित्तीय वर्ष के साथ निर्गत कराकर समर्पित किया जा रहा है।<br><br>अतः अनुरोध है कि मेरे द्वारा समर्पित किए जा रहें प्रमाण पत्र वित्तीय वर्ष के आधार पर तकनीकी बीड में समीक्षा कर हमें योग्य घोषित किया जाए। | Pratayaksha Construction Private Limited. द्वारा निविदा में संलग्न अनुभव प्रमाण पत्रों में Non-Bituminous, Earth Work एवं Bituminous कार्य की वांछित मात्रा वित्तीय वर्षवार नहीं होने के कारण इन्हें तकनीकी बीड में असफल घोषित किया गया था।<br><br>तकनीकी बीड मूल्यांकन के उपरान्त निर्धारित परिवाद अवधि में इनके द्वारा निविदा में Uploaded अनुभव प्रमाण पत्रों का संबंधित Employer से निर्गत वित्तीय वर्षवार Clarification उपलब्ध कराया गया। इनका सत्यापन संबंधित Employer से कराया गया एवं सही पाया गया। Executed Qty विभागीय पत्रांक–6158 (S) दिनांक– 09.07.2014 के आलोक में द्वितीय प्रक्रम में है, जिसके लिये Clarification /Modification मान्य है। फलस्वरूप प्राप्त Clarification के अनुसार इनके Non-Bituminous, Earth Work एवं Bituminous कार्य की सम्पादित मात्रा 7047.101$m^3$(2024–25)29942.279$m^3$ (2024–25) एवं 4351.67$m^3$(2022–23) है, जो वांछित अर्हत्ता क्रमशः 5525.48$m^3$ 21283$m^3$ एवं 3450$m^3$ से अधिक है। अतः ये SBD के ITB Clause 4.5 A(c) की वांछित अहर्त्ता पूर्ण करते है। इनके द्वारा समर्पित यह आपत्ति मान्य है। |

7. <u>निष्कर्ष</u> :– तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षोपरांत एवं सम्यक विचारोपरान्त निविदाकार Sona Infracon Private Limited के पत्रांक–MD/SIPL/2025-26/167 दिनांक–09.09.2025 द्वारा दिये गये परिवाद/आपत्ति को अमान्य करते हुए एवं Pratayaksha Construction Private Limited. के परिवाद/आपत्ति को मान्य करते हुये उपभागीय ज्ञापांक–2887 दिनांक–08.09.2025 द्वारा संसूचित दिनांक–08.09.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा लिये गये निर्णय को संशोधित करते हुये दो निविदाकार यथा (1) MKSS Infra Engicon Pvt. Ltd. एवं (2) Pratayaksha Construction Private Limited. को तकनीकी बीड में सफल तथा तीन निविदाकार यथा (1) M/s Sanjay Construction को SBD के ITB-Cl. 4.5 A(c) के आलोक में (2) Sona Infracon Private Limited को SBD के ITB-Cl.4.7, 4.3 (i) एवं 4.8 के आलोक में एवं (3) Shristi Developers Pvt. Ltd. को विभागीय ज्ञापांक–6082 (E) दिनांक–09.09.2025, SBD के ITB Cl-3.3 के आलोक में तकनीकी बीड में असफल घोषित करने की अनुशंसा की जाती है।

8. उक्त विषयांकित कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद के संदर्भ में विभागीय पत्रांक–8247(E)we दिनांक–05.12.2025 द्वारा वैशाली पथ प्रमंडल, हाजीपुर के अन्तर्गत Widening & Strengthening of Lalganj (Repura)-Sarai Road (Total Length-12.95 Km.) for the year 2025-26 कार्य की निविदा के संबंध में मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को प्रतिवेदन समर्पित करने का निदेश दिया गया है, जिसके विभागीय निदेश के अनुपालन में मुख्य अभियंता, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–3707(अनु०) दिनांक–11.12.2025 के माध्यम से प्रतिवेदन समर्पित किया गया है, जो तथ्य निम्नवत् है

"उपर्युक्त विषयक विभागीय निविदा समिति के बैठक में हुये विमर्श के आलोक में कहना है कि MKSS Infra Engicon Pvt. Ltd. द्वारा Patna Highway Project Limited द्वारा निर्गत Upgradation of Hajipur-Muzaffarpur section of the existing NH-77 to four lane dual carriage-way configuration of the section starting from Km. 0+00 (Ramashish Chowk) to Km. 46+300 and construction of 14.00 Km. to 16.870 Km. new Bypass Starting at Km. 46+300 and connecting NH-28 of East-West Corridor at Km. 515+045 in the State of Bihar on BOT (Annuity Basis under NHDP Phase-3) कार्य का अनुभव प्रमाण–पत्र (सम्पादित कार्य की राशि ₹11458.47) निविदा के साथ संलग्न किया गया है। इनके द्वारा निविदा में NHAI एवं Patna Highway Project Limited के बीच उक्त कार्य हेतु Concession Agreement भी निविदा के साथ संलग्न किया गया है, जिसके स्पष्ट होता है कि Patna Highway Project Limited उक्त कार्य के Concessionaire है। इस प्रकार निविदाकार MKSS Infra Engicon Pvt. Ltd. के पक्ष में उकत प्रमाण पत्र Concessionaire Patna Highway Project Limited द्वारा निर्गत है जो विभागीय पत्रांक–8447(E) दिनांक–31.12.2012 के आलोक में मान्य है।

इस संबंध में MKSS Infra Engicon Pvt. Ltd. द्वारा भी अपना पक्ष रखते हुये बताया गया है कि Maintenance of NH-30A from Km. 0.00 to Km. 71.774 for the year 2024-25 on PBMC Mode in the State of Bihar (Job No.-NH-30A/BR/2024-25/116) under N.H. Division, Biharsharif की निविदा में उक्त

प्रमाण–पत्र के आधार पर इन्हें NH (South) Wing RCD Patna द्वारा तकनीकी बीड रूप से सफल घोषित किया गया है। (दिनांक–18.08.2025 को सम्पन्न NH (South) Wingh RCD, Patna के Evaluation Committee की बैठक की कार्यवाही संलग्न)।

उक्त के आलोक में उपभागीय पत्रांक–3116(अनु०) दिनांक–26.09.2025 द्वारा समर्पित प्रस्ताव के आलोक में निविदा निष्पादन की अनुशंसा की जाती है।

9. विभागीय पत्रांक–446(ई०) दिनांक–20.01.2026 द्वारा विषयांकित कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद के प्रस्ताव के साथ विभागीय निविदा समिति का अनुमोदन प्राप्त करने हेतु दिनांक–25.09.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही के द्वारा अनुशंसा समर्पित किया गया है। अतएव प्राप्त तकनीकी बीड पर अवलोकनोपरान्त् निदेशानुसार समर्पित परिवाद के प्रस्ताव के संदर्भ में सूचित गया है कि Concessionaire से निर्गत अनुभव प्रमाण–पत्र के बिन्दु पर आश्वस्त होकर पुनः तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा समर्पित की जाय, ताकि परिवाद का निष्पादन ससमय किया जा सके। साथ ही विषयांकित कार्य की Bid Validity की अवधि दिनांक–05.12.2025 को ही समाप्त हो चुकी है। अतः मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को उपरोक्त के आलोक में प्रतिवेदन यथाशीघ समर्पित करने का निदेश दिया गया है।

उक्त विभागीय निदेश के आलोक में मुख्य अभियंता, उत्तर के पत्रांक–461(अनु०) दिनांक–05.02.2026 द्वारा समर्पित प्रतिवेदन एवं पत्रांक–720(अनु०) दिनांक–23.02.2026 से प्राप्त दिनांकः–23.02.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही सम्पन्न हुई है। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा पुनः समीक्षोपरान्त एवं सम्यक् विचारोपरान्त् अनुशंसा निम्नवत् हैः–

वैशाली पथ प्रमण्डल, हाजीपुर अन्तर्गत लालगंज (रैपुरा)–सराय पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य की निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि–05.08.2025 थी।

विभागीय पत्रांक–1174(E) दिनांक–17.02.2026 के आलोक में तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा समर्पित करने का निदेश दिया गया है।

उपभागीय ज्ञापांक–2887 दिनांक–08.09.2025 द्वारा संसूचित दिनांक 08.09.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में उक्त निविदा में पाँच निविदाकारों में से दो निविदाकार यथा (1) Shristi Developers Pvt. Ltd. एवं (2) MKSS Infra Engicon Pvt. Ltd. को तकनीकी बीड में सफल एवं शेष तीन निविदाकार यथा (1) Pratayaksha Construction Private Limited एवं (2) M/s Sanjay Construction को SBD के ITB-Cl. 4.5 A(c) के आलोक में तथा (iii) Sona Infracon Private Limited को SBD के ITB-Cl.4.7, 4.3 ( j ) एवं ITB- Cl. 4.8 के आलोक में तकनीकी बीड में असफल घोषित किया गया।

विभागीय निदेश के अनुसार दो कार्य दिवस में इस निविदा में शामिल किसी निविदाकार का परिवाद/आपत्ति प्राप्त होने पर सक्षम स्तर से परिवाद निष्पादन के उपरांत ही वित्तीय बीड खोलने हेतु निदेश दिया गया।

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के उक्त निर्णय के विरूद्ध तकनीकी बीड में असफल निविदाकार, Sona Infracon Private Limited. के पत्रांक–MD/SIPL/2025-26/163 दिनांक–09.09.2025 द्वारा तकनीकी बीड में सफल दोनो निविदाकार, MKSS Infra Engicon Pvt. Ltd. एवं Shristi Developers Pvt. Ltd. के विरूद्ध एवं

Pratayaksha Construction Private Limited. के पत्रांक–105 दिनांक– 09.09.2025 द्वारा परिवाद समर्पित किया गया।

समीक्षोपरांत उपभागीय पत्रांक–3116(अनु०) दिनांक–26.09.2025 के द्वारा तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा पर विभागीय निविदा समिति का अनुमोदन हेतु समर्पित किया गया।

विभागीय पत्रांक–1174 (E) दिनांक–17.02.2026 के आलोक में तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की समीक्षा निम्न है :–

| | परिवाद | समीक्षा |
|---|---|---|
| 1 | Sona Infracon Private Limited. के द्वारा Shristi Developers Pvt. Ltd. के विरूद्ध परिवाद–<br>विषयांकित निविदा के अन्य निविदाकार Shristi Developers Pvt. Ltd. के द्वारा प्रस्तुत Key Personnel/Technical Staff Qualification एवं Equipment Details से संबंधित शपथ पत्र का स्टाम्प पेपर निविदाकार Shristi Developers Pvt. Ltd. के नाम से निर्गत है, जबकि बिहार स्टाम्प अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार व्यक्तिगत शपथ पत्र में प्रयुक्त स्टाम्प पेपर संबंधित व्यक्ति/कर्मी के नाम से निर्गत होना अनिवार्य है। इस कारण निविदाकार Shristi Developers Pvt. Ltd., SBD कि कंडिका 4.5 (B) (b) एवं 4.5 (B) (a) के आलोक में वांछित आहर्त्ता को पूर्ण नहीं करते है।<br>निविदाकार Shristi Developers Pvt. Ltd. को तत्काल में भी उच्च पथ प्रमण्डल, समस्तीपुर (MoRT&H) के कार्य– "Widening and Strengthening of Two Lane to Four Lane with divided carriageway From Ch.-67.471 (Mathurapur) to Ch.-69.256 (Muktapur ROB) and Construction of H.L. RCC Bridge (8x24.00m) over River Budhi Gandak in Place of Old Damaged Screw Pile Bridge at Near | Shristi Developers Pvt. Ltd. को विभागीय ज्ञापांक–6082(E) दिनांक–09.09.2025 के द्वारा 10 वर्षो के लिये कालीकृत किया गया था तद्नुसार इनके विरूद्ध परिवाद की समीक्षा नहीं की गयी थी। इन्हें उक्त विभागीय पत्र एवं SBD के ITB Clause-3.3 में तकनीकी बीड में असफल घोषित करने की अनुशंसा की गयी थी।<br>वर्त्तमान में विभागीय ज्ञापांक–8281(E) दिनांक–09.12.2025 के द्वारा Shristi Developers Pvt. Ltd. को कालीकृत करने के आदेश को निरस्त किया गया है।<br>विभागीय पत्रांक–1174(E) दिनांक–17.02.2026 के आलोक में तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा समर्पित करने का निदेश दिया गया है।<br>उक्त निविदा में Shristi Developers Pvt. Ltd. के द्वारा 5 अदद Degree अभियंता की सूची निविदा में संलग्न की गई है। साथ ही इनके द्वारा शपथ–पत्र दिया गया है कि "All the below mentioned Civil/Diploma/Mechanical/ElectricalB.E./ Diploma Engineer are our Employee" इस प्रकार इनके द्वारा SBD के ITB Clause 4.5 B (b) के आलोक में Key Personnel की Avalability दर्शायी गई है। इनके द्वारा key Equipments की सूची भी निविदा में संलग्न किया गया है। साथ ही इनके द्वारा शपथ पत्र |

| | | |
|---|---|---|
| | Magardahi Ghat in the Samastipur town in Samastipur District of NH-322 के निविदा में निविदाकार Shristi Developers Pvt. Ltd. की तकनीकी बीड को RFP कि Appendix IA, Annexure-III (Clauses 2.2.2.3, 2.2.2.9 (i), 2.2.2.8 (iii) के आलोक में नॉन रेस्पोंसिव किया गया। | दिया गया है कि "I, the undersigned, do here certify that avalability for construction work either owner, or on lease or on hire of the Key equipment stated in the bid data sheet including equipment required for establishing field laboratory to perform mandatory test and those stated in the Bid data Sheet"<br>परिवादी का यह कथन कि व्यक्तिगत शपथ पत्र में प्रयुक्त Stamp Paper संबंधित व्यक्ति/कर्मी के नाम से निर्गत होना अनिवार्य है, निविदा शर्त्त में सम्मलित नहीं है। परिवाद का यह बिन्दु अमान्य है।<br>परिवादी द्वारा अंकित उच्च पथ प्रमण्डल, समस्तीपुर के कार्य की निविदा EPC Mode (MoRT&H) पर आधारित थी, जिसके Relevant Clause के तहत Shristi Developers Pvt. Ltd. को Non-Responsive घोषित किया गया था। वर्त्तमान निविदा SBD आधारित है, जिसमें उक्त Clause Non-Relevant है। दोनों निविदा प्रणाली में कोई संबंध नहीं है।<br>अतः परिवाद का यह बिन्दु अमान्य है। |

कार्यपालक अभियंता के पत्रांक–2872 दिनांक– 29.12.2025, पत्रांक–325 दिनांक–14.02.2026 एवं पत्रांक– 340 दिनांक–17.02.2026 के द्वारा सूचित किया गया कि कुल तीन Bidders यथा (1) Pratayaksha Construction Pvt. Ltd. (2) Shristi Developers Pvt. Ltd. एवं (3) MKSS Infra Engicon Pvt. Ltd. का Bid Validity एवं B.G. बढ़ाया गया है।

**निष्कर्ष** :– तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षोपरांत एवं सम्यक विचारोपरान्त तीन निविदाकार यथा (1) MKSS Infra Engicon Pvt. Ltd. (2) Pratayaksha Construction Private Limited एवं (3) Shristi Developers Pvt. Ltd. को तकनीकी बीड में सफल तथा दो निविदाकार यथा (1) M/s Sanjay Construction को SBD के ITB-Cl.4.5A(c) के आलोक में एवं (2) Sona Infracon Private Limited को SBD के ITB-Cl.4.7, 4.3(j) एवं 4.8 के आलोक में तकनीकी बीड में असफल घोषित करने की संशोधित अनुशंसा की जाती है।

निकृति शाखा 26/02/26

10. विभागीय निविदा समिति का निर्णयः

10.1 मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–3116(अनु०) दिनांक–26.09.2025 के माध्यम से निविदा की तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद/आपत्ति/अभ्यावेदन पर दिनांक–25.09.2025 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा एवं विभागीय पत्रांक–8247(E)we दिनांक–05.12.2025 द्वारा दिए गए निदेश के आलोक में मुख्य अभियंता, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–3707(अनु०) दिनांक–11.12.2025 के माध्यम से प्रतिवेदन एवं विभागीय पत्रांक–446(ई०) दिनांक–20.01.2026 द्वारा दिए गए निदेश के आलोक में मुख्य अभियंता, उत्तर के पत्रांक–461(अनु०) दिनांक–05.02.2026 एवं पत्रांक–720(अनु०) दिनांक–23.02.2026 से प्राप्त दिनांक–23.02.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की संशोधित अनुशंसा के आधार पर सम्यक् विचारोपरान्त एवं समीक्षोपरान्त निम्नलिखित निर्णय लिये जाते है:–

(i) विषयांकित कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार Sona Infracon Private Limited के पत्रांक–MD/SIPL/2025-26/163 दिनांक–09.09.2025 द्वारा दिए गए परिवाद के आपत्ति को अमान्य करते हुए SBD के ITB-Cl.4.7,4.3 (i) एवं 4.8 के तहत् पुनः असफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता है एवं असफल निविदाकार Pratayaksha Construction Private Limited. के द्वारा दिए गए परिवाद के आपत्ति को मान्य किया जाता है।

(ii) विभागीय पत्रांक–6082 दिनांक–09.09.2025 के द्वारा संवेदक Shristi Developers Pvt. Ltd. को 10 (दस) वर्षों के लिए कालीकृत किया गया था, जिसे विभागीय पत्रांक–8281(E) दिनांक–09.12.2025 के द्वारा संवेदक Shristi Developers Pvt. Ltd. को कालीकृत करने के आदेश को निरस्त किया गया है।

(iii) विषयांकित कार्य के निविदा के तकनीकी बीड में भाग लेने वाले पाँच निविदाकारों में से तीन निविदाकारों यथा (1) MKSS Infra Engicon Pvt. Ltd. (2) Pratayaksha Construction Private Limited एवं (3) Shristi Developers Pvt. Ltd. को तकनीकी बीड में सफल तथा दो निविदाकार यथा (1) M/s Sanjay Construction को SBD के ITB-Cl.4.5A(c) के आलोक में एवं (2) Sona Infracon Private Limited को SBD के ITB-Cl.4.7, 4.3(j) एवं 4.8 के आलोक में तकनीकी बीड में असफल घोषित करने की अनुशंसा को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

(iv) असफल निविदाकार Sona Infracon Private Limited के द्वारा गलत सूचना Uploading कर निविदा की अर्हता प्रस्तुत करने के प्रयास के आलोक में SBD के ITB Clause 4.8 (Misleading & False Representations) के तहत पथ निर्माण विभाग के अधिसूचना–5737(S) दिनांक–07.05.2007 द्वारा अधिसूचित बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 के तहत कार्रवाई किया जाय।

(v) विषयांकित कार्य के निविदा का वित्तीय बीड खोलकर शीघ्र विभागीय निविदा समिति के अनुमोदनार्थ उपस्थापित करने का निदेश मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को दिया गया।

(vi) मुख्य अभियंता, उत्तर संबंधित परिवादी बीडर को समिति के निर्णय से अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

10.2 विभागीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 26/02/26 | 26/2/26 | 26/2/26 | |
| (मजीद अहमद)<br>आन्तरिक<br>वित्तीय सलाहकार,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (सुनील कुमार सुमन)<br>मुख्य अभियंता,<br>उत्तर,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (उमा कान्त रजक)<br>अभियंता प्रमुख–सह–अपर<br>आयुक्त–सह–विशेष सचिव<br>(कार्य प्रबंधन),<br>पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | (पंकज कुमार पाल)<br>सचिव,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। |

ज्ञापांक: प्र0–7/निविदा–03–163/2025 1535(E) पटना, दिनांक 26/02/2026

**प्रतिलिपिः**– मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

26/2/26

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।